# *प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कंपनियों के वित्त, 2013-14**

*वर्ष 2013-14 के लिए चुनिंदा 957 गैर-सरकारी गैर-वित्तीय प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कंपनियों का उनके लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे पर आधारित विश्लेषण से पता चलता है कि बिक्री वृद्धि और परिचालन व्यय गत वर्ष की तुलना में 2013-14 के दौरान घटा। फिर भी, ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं ऋण परिशोधन पूर्व अर्जन (ईबीआईटीडीए) और निवल लाभ (पीएटी) में वृद्धि 2013-14 के दौरान बढ़ी जिसका प्रमुख कारण विनिर्माण एवं ब्याज व्यय में वृद्धि था और ऐसा आयात वृद्धि में गिरावट तथा निर्यात वृद्धि में बढ़ोतरी के कारण हुआ। बिक्री में वृद्धि के संदर्भ में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों के निष्पादन में गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में कमी आई। वर्ष के दौरान कुल निवल आस्तियों में वृद्धि मामूली रूप से बढ़ी। लीवरेज अनुपात गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में बरकरार रहा। 2013-14 में ईबीआईटीडीए मार्जिन बढ़ा, जबकि, इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) मामूली रूप से घटा। चुनिंदा एफडीआई कंपनियां अपने कारोबार के विस्तार के लिए प्रमुख रूप से बाह्य निधि स्रोत पर निर्भर थीं और इन निधियों का उपयोग प्रधान रूप से आस्ति निर्माण के लिए किया गया था, वह भी प्रमुख रूप से पूंजी चालू-कार्य में और साथ-साथ अमूर्त आस्तियों में तथा इक्विटी शेयर में दीर्घावधि निवेश के लिए।*

इस आलेख में चुनिंदा 957 एफडीआई कंपनियों, जिन्होंने अप्रैल 2013 से मार्च 2014[2] अवधि के दौरान अपने लेखे बंद की थीं, के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे के आधार पर वर्ष 2013-14 हेतु गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)[1] कंपनियों के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण किया गया है। इन कंपनियों में 547 पब्लिक लिमिटेड कंपनी एवं 410 निजी लिमिटेड कंपनी शामिल हैं। इन कंपनियों को 11 प्रमुख देशों और 9 प्रमुख उद्योग समूहों में वर्गीकृत किया गया है। किसी कंपनी को उद्गम देश, जो कंपनी का सर्वाधिक एफडीआई शेयरधारक है, के आधार पर एक देश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। किसी कंपनी के उद्योग समूह का पता उस उद्योग के आधार पर लगाया जाता है जिससे कंपनी ने 50 प्रतिशत से अधिक की कुल आय सूचित की है।

इस आलेख में इन कंपनियों का 2011-12 और 2012-13 अवधि के दौरान के निष्पादन का आकलन भी किया गया है जो संगत वित्तीय वर्षों के लिए समेकित समान कंपनी समूह के डेटा पर आधारित है। इसके अतिरिक्त, इन चुनिंदा 957 एफडीआई कंपनियों के निष्पादन की तुलना 4,578 चुनिंदा गैर-एफडीआई कंपनियों के साथ भी की गई थी। इसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट में दिसंबर 2015 में व्याख्यात्मक टिप्पणी के साथ प्रकाशित वर्ष 2013-14 हेतु एफडीआई कंपनियों के विस्तृत डेटा का संदर्भ लिया जा सकता है।

इन एफडीआई कंपनियों की औद्योगिक संरचना दर्शाती है कि कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधि (84), मोटर वाहन एवं अन्य परिवहन (68), मशीनरी एवं मशीन साधन (66), रसायन एवं रासायनिक उत्पाद (63), और परिवहन, भंडारण एवं संचार (45) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए प्रमुख उद्योग थे। जबकि, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के उद्गम देशों में, मॉरीशस में एफडीआई उद्गम (215) वाली कंपनियां सर्वाधिक हैं और उसके बाद क्रमशः संयुक्त राष्ट्र अमरीका (148), सिंगापुर (84), युनाइटेड किंगडम (74) एवं जर्मनी (59)[3] में हैं।

## 1. वृद्धिः बिक्री वृद्धि में कमी आई किंतु परिचालन व्यय बढ़ा

1.1 एफडीआई कंपनियों की वृद्धि 2012-13 के 14.0 प्रतिशत

* कंपनी वित्त प्रभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किया गया। गत वर्ष के अध्ययन के लिए आरबीआई बुलेटिन के जनवरी 2015 अंक का संदर्भ लिया जाए।

[1] भुगतान संतुलन एवं अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति मैनुअल, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के छठवे संस्करण (बीपीएम6) के अनुसार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) सीमा-पार निवेश का एक वर्ग है जो एक अर्थव्यवस्था के निवासी का दूसरी अर्थव्यवस्था में निवास किसी उद्यम के प्रबंधन पर नियंत्रण या पर्याप्त मात्रा में प्रभाव से संबंधित है। बीपीएम6 के अनुसार तत्काल प्रत्यक्ष निवेश संबंध तब पैदा होता है जब कोई प्रत्यक्ष निवेशक इक्विटी का सीधा अधिकारी हो जो उसे प्रत्यक्ष निवेश उद्यम में 10 प्रतिशत या उससे अधिक का मताधिकार प्रदान करता है।

[2] वर्ष 2013-14 में चुनिंदा 957 एनजीएनएफ एफडीआई कंपनियों की प्रदत्त पूंजी (पीयूसी) विदेशी देयता और भारतीय कंपनियों की आस्तियों के संबंध में रिज़र्व बैंक की जनगणना, 2013-14 में सूचित गैर-वित्तीय एफडीआई कंपनियों के कुल पीयूसी का 18.5 प्रतिशत है।

[3] कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े कंपनियों की संख्या दर्शाते हैं।

की तुलना में 2013-14 में 10.2 प्रतिशत की कम दर से बढ़ी। परिणामस्वरूप, एफडीआई कंपनियों की इनवेंटरी में वृद्धि 2012-13 के 8.3 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में सीमांत रूप से बढ़कर 9.8 प्रतिशत हो गई। उत्पादन मूल्य के साथ-साथ परिचालन व्यय में वृद्धि 2012-13 के 13.3 प्रतिशत एवं 13.8 प्रतिशत से घटकर 2013-14 में 0.1 प्रतिशत एवं 9.8 प्रतिशत रह गई (चार्ट 1)।

1.2 एफडीआई कंपनियों के परिचालन लाभ में वृद्धि (ईबीआईटीडीए) 2012-13 के 10.4 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गई जिसका प्रमुख कारण वर्ष के दौरान विनिर्माण व्यय में कमी था (चार्ट 1 और विवरण 1)।

1.3 वर्ष के दौरान, परिचालन व्यय के बढ़ने और ब्याज व्यय में उल्लेखनीय निम्नतर वृद्धि के परिणामस्वरूप, निवल लाभ 2012-13 के 6.3 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में 9.2 प्रतिशत बढ़ा (चार्ट 1)।

1.4 एफडीआई कंपनियों के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र दोनों की बिक्री वृद्धि गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में घटी। विनिर्माण क्षेत्र में, रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पादों को छोड़कर सभी उद्योग समूहों की बिक्री वृद्धि 2013-14 में घटी, जबकि सेवा क्षेत्र में परिवहन, भंडारण तथा संचार की बिक्री वृद्धि घटी (विवरण 1)।

1.5 यद्यपि परिचालन व्यय में वृद्धि दर समग्र स्तर पर बढ़ा लेकिन विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र दोनों की कंपनियों में 2013-14 में गिरावट पाई गई। विनिर्माण क्षेत्र में, रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, मोटर वाहन एवं अन्य परिवहन उपकरण तथा रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पाद को छोड़कर सभी उद्योग समूहों ने परिचालन लाभ की वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की। सेवा क्षेत्र में, कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधियों को छोड़कर सभी उद्योग समूहों ने गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में परिचालन लाभ की वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की (विवरण 1)।

1.6 गैर-एफडीआई कंपनियों की बिक्री वृद्धि का स्वरूप एफडीआई कंपनियों की बिक्री वृद्धि की भांति था, जो 2012-13 के 8.7 प्रतिशत से घटकर 2013-14 में 6.2 प्रतिशत रह गया। गैर-एफडीआई कंपनियों के परिचालन व्यय में गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में मंद वृद्धि पाई गई। गैर-एफडीआई कंपनियों में विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के परिचालन लाभ की वृद्धि दर गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में बढ़ी (विवरण 1)।

**चार्ट 1: एफडीआई कंपनियों की प्रमुख वृद्धि दरें**



## 2. विदेशी मुद्राओं में आमदनी में वृद्धि बेहतर हुई जबकि व्यय घटा

2.1 चुनिंदा एफडीआई कंपनियों की विदेशी मुद्राओं में कुल आमदनी में वृद्धि 2012-13 के 16.3 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में बढ़कर 17.6 प्रतिशत हो गई। तथापि, विदेशी मुद्राओं में कुल व्यय 2012-13 के 18.2 प्रतिशत से काफी घटकर 2013-14 में 13.4 प्रतिशत रह गया (चार्ट 1)।

2.2 पण्यों के निर्यात में वृद्धि 2012-13 के 15.3 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में पर्याप्त रूप से बढ़कर 22.0 प्रतिशत हो गई। साथ ही एफडीआई कंपनियों के निर्यात की बिक्री की तीव्रता (जिसे बिक्री की तुलना में निर्यात के अनुपात के रूप में मापा जाता है) गत वर्ष के 12.3 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 13.6 प्रतिशत हो गई। एफडीआई हिस्सा वर्गों में, 50 प्रतिशत एवं उससे अधिक के एफडीआई हिस्सा वर्ग में श्रेणीकृत कंपनियों की निर्यात वृद्धि में तेजी से बढ़ोतरी पाई गई। 2013-14 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र की निर्यात वृद्धि में गिरावट पाई गई जबकि सेवा क्षेत्र के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गई जिसकी प्रमुख वजह थोकमूल्य एवं खुदरा व्यापार और परिवहन, भंडारण एवं संचार की निर्यात थी (विवरण 1 और विवरण 2)।

2.3 इसके विपरीत, आयात वृद्धि 2012-13 के 16.2 प्रतिशत से घटकर 2013-14[4] में 10.2 प्रतिशत रह गई। विनिर्माण क्षेत्र की आयात वृद्धि 2012-13 के 15.7 प्रतिशत से काफी घटकर 2013-14 में 1.0 प्रतिशत रह गई। रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पादों को छोड़कर सभी विनिर्माण उद्योग समूहों में आयात वृद्धि में गिरावट पाई गई। विनिर्माण क्षेत्र में, खाद्य उत्पाद एवं पेय पदार्थ, मोटर वाहन एवं अन्य परिवहन उपकरण और इलेक्ट्रिकल मशीनरी एवं उपस्कर की आयात वृद्धि में गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में कमी पाई गई। 2013-14 के दौरान, सेवा क्षेत्र की आयात वृद्धि में भी भारी गिरावट पाई गई, जिसका प्रमुख कारण थोकमूल्य एवं खुदरा व्यापार उद्योग समूह था जो गत वर्ष के 42.9 प्रतिशत से घटकर 2013-14 में 3.4 प्रतिशत रह गई (विवरण 1)।

2.4 गैर-एफडीआई कंपनियों के मामले में, निर्यात और आयात वृद्धि, दोनों में गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में गिरावट आई। निर्यात वृद्धि 2012-13 के 12.9 प्रतिशत से घटकर 2013-14 में 11.2 प्रतिशत रह गई, जबकि, आयात में वृद्धि 2012-13 के 7.9 प्रतिशत से गिरकर 2013-14 में 1.0 प्रतिशत रह गई। गैर-एफडीआई कंपनियों की निर्यात तीव्रता 2012-13 के 19.3 प्रतिशत से सीमांत रूप से बढ़कर 2013-14 में 20.2 प्रतिशत हो गई। गैर-एफडीआई कंपनियों के विनिर्माण क्षेत्र और सेवा क्षेत्र, दोनों में आयात में भारी गिरावट पाई गई थी (विवरण 1 और विवरण 2)।

2.5 वर्ष 2013-14 में, एफडीआई और गैर-एफडीआई कंपनियों, दोनों की कुल आय में विदेशी मुद्राओं में आमदनी का हिस्सा बढ़ा, लेकिन वह एफडीआई कंपनियों की तुलना में गैर-एफडीआई कंपनियों का अधिक था। जहां तक वस्तुओं के पण्य निर्यात का संबंध है, एफडीआई और गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल आय में हिस्सा पछले तीन वर्ष की अवधि में क्रमिक रूप से बढ़ा (सारणी 1)।

**सारणी 1: कुल व्यय में विदेशी मुद्राओं में व्यय और आमदनी का हिस्सा तथा चुनिंदा एफडीआई एवं गैर-एफडीआई कंपनियों की आय**

(प्रतिशत)

| मद | एफडीआई कंपनी | | | गैर-एफडीआई कंपनी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
| विदेशी मुद्राओं में व्यय | 27.8 | 28.7 | 29.4 | 28.8 | 28.9 | 27.6 |
| *जिसमें से,* आयात का मूल्य (सी.आई.एफ आधार) | 21.8 | 22.1 | 22.0 | 25.4 | 25.1 | 23.3 |
| **कुल व्यय** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| विदेशी मुद्राओं में कुल आय | 20.9 | 21.3 | 22.7 | 23.1 | 24.4 | 26.5 |
| *जिसमें से,* वस्तुओं का निर्यात (एफओबी आधार) | 11.9 | 12.0 | 13.3 | 18.0 | 18.7 | 19.6 |
| **कुल आय** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

[4] वर्ष 2013-14 के दौरान एफडीआई कंपनियों के आयात में वृद्धि का प्रमुख कारण गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में खनन और उत्खनन के आयात में एकाएक वृद्धि था। खनन और उत्खनन का आयात 2012-13 के ₹5.7 मिलियन से बढ़कर 2013-14 में ₹191.4 मिलियन हो गया।

2.6 वर्ष 2013-14 में एफडीआई कंपनियों के कुल व्यय में विदेशी मुद्राओं में व्यय का हिस्सा बढ़ा। तथापि, गैर-एफडीआई कंपनियों के मामले में, कुल व्यय में विदेशी मुद्राओं में कुल व्यय का हिस्सा गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में घटा। जहां तक आयात के मूल्य का संबंध है, एफडीआई और गैर-एफडीआई कंपनियों के कुल व्यय में हिस्सा गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में सीमांत रूप से घटा (सारणी 1)।

## 3. अनुसंधान और विकास व्यय में वृद्धि घटी

3.1 एफडीआई कंपनियों का अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) व्यय 2012-13 के 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर से गिरकर 2013-14 में 0.2 प्रतिशत रह गया। रॉयल्टी भुगतान 2012-13 के 8.9 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में पर्याप्त रूप से बढ़कर 35.9 प्रतिशत हो गया (चार्ट 2)।

3.2 वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान बिक्री की तुलना में आर एंड डी व्यय के अनुपात में गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई, तथापि, यह अनुपात गत वर्ष की अपेक्षा 2013-14 में बढ़ा (चार्ट 3)।

3.3 एफडीआई हिस्सा वर्गों में, 50 प्रतिशत और उससे अधिक के एफडीआई हिस्सा वर्ग में वर्गीकृत कंपनियों का आर एंड डी व्यय गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में घटकर 12.6 प्रतिशत रह गया। विनिर्माण क्षेत्र के आर एंड डी व्यय में गत वर्ष की तुलना में 2013-14 के दौरान मामूली वृद्धि हुई। जबकि, सेवा क्षेत्र के मामले में, आर एंड डी व्यय में वृद्धि 2012-13 के 51.7 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में घटकर 44.2 प्रतिशत रह गई (विवरण 1)।


3.4 विनिर्माण क्षेत्र के रॉयल्टी भुगतान में वृद्धि गत वर्ष के 22.0 प्रतिशत से काफी घटकर 2013-14 में 11.3 प्रतिशत रह गई। तथापि, सेवा क्षेत्र में रॉयल्टी भुगतान 2012-13 के 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 2013-14 में पर्याप्त रूप से बढ़कर 55.3 प्रतिशत हो गया (विवरण 1)।

3.5 गैर-एफडीआई कंपनियों के आर एंड डी व्यय में वृद्धि 2013-14 में बढ़ी, जबकि, रॉयल्टी भुगतान में वृद्धि गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में घटी (विवरण 1)।


## 4. कुल निवल आस्तियों में वृद्धि सीमांत रूप से बढ़ी

4.1 एफडीआई कंपनियों की कुल निवल आस्तियों में वृद्धि गत वर्ष के 11.3 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 13.8 प्रतिशत हो गई। तथापि, 25 से 50 प्रतिशत के एफडीआई हिस्सा वर्ग में

**चार्ट 2: रॉयल्टी एवं आर एंड डी व्यय में वृद्धि**




**चार्ट 3: बिक्री की तुलना में रॉयल्टी एवं आर एंड डी व्यय का अनुपात**



वर्गीकृत कंपनियों की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि दर में मामूली गिरावट आई (विवरण 1)।

4.2 वर्ष 2013-14 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी उद्योग समूहों की कुल निवल आस्तियों में वृद्धि दर्ज की गई। सेवा क्षेत्र में, कुल निवल आस्तियों में वृद्धि 2012-13 के 8.7 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 12.0 प्रतिशत हो गई जिसका प्रमुख कारण कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधियों और परिवहन, भंडारण एवं संचार उद्योग समूहों में उच्चतर वृद्धि था (विवरण 1)।

4.3 एफडीआई कंपनियों के विपरीत, गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल निवल आस्तियों में वृद्धि 2012-13 के 10.6 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में घटकर 8.9 प्रतिशत रह गई। 2013-14 के दौरान, विनिर्माण क्षेत्र में कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में कमी पाई गई थी, जबकि, सेवा क्षेत्र में कुल निवल आस्तियों में वृद्धि बढ़ी, जिसका प्रमुख कारण कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधियों और परिवहन, भंडारण एवं संचार उद्योग था (विवरण 1)।

## 5. लाभप्रदता अनुपात सीमांत रूप से घटा

5.1 एफडीआई कंपनियों की लाभप्रदता, जिसे इक्विटी पर प्रतिलाभ के रूप में मापा जाता है (निवल मालियत की तुलना में पीएटी के अनुपात के रूप में मापा गया), गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में सीमांत रूप से घटा, जबकि, 2013-14 में ईबीआईटीडीए मार्जिन सीमांत रूप से बढ़ा (चार्ट 4)।


5.2 सभी एफडीआई-हिस्सा वर्गों में आरओई में गिरावट के साथ ईबीआईटीडीए मार्जिन में सीमांत वृद्धि पाई गई। 2013-14 में विनिर्माण क्षेत्र में आरओई में गिरावट के साथ ईबीआईटीडीए मार्जिन में सीमांत वृद्धि पाई गई। तथापि, विनिर्माण क्षेत्र के विपरीत, गत वर्ष की तुलना में 2013-14 के दौरान सेवा क्षेत्र का ईबीआईटीडीए मार्जिन सीमांत रूप से घटा और आरओई बढ़ा (विवरण 2)।

## 6. ब्याज कवरेज अनुपात घटा


6.1 एफडीआई कंपनियों का लीवरेज अनुपात (इक्विटी की तुलना में कुल उधार के अनुपात के रूप में मापा गया) गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में 60.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा। दूसरी ओर, ब्याज कवरेज अनुपात (ब्याज व्यय की तुलना में ब्याज एवं कर पूर्व अर्जन के अनुपात के रूप में मापा गया) 2011-12 के 4.1 प्रतिशत से क्रमिक रूप से घटकर 2013-14 में 3.2 प्रतिशत रह गया (चार्ट 5)।

6.2 लीवरेज अनुपात में 50 प्रतिशत और उससे अधिक के हिस्सा वर्गों में वर्गीकृत कंपनियों को छोड़कर सभी एफडीआई हिस्सा वर्गों में गिरावट पाई गई। 2013-14 में विनिर्माण क्षेत्र का लीवरेज अनुपात सीमांत रूप से बढ़ा, जबकि, सेवा क्षेत्र में घटा।

चार्ट 4: एफडीआई कंपनियों का लाभ मार्जिन




चार्ट 5: एफडीआई कंपनियों का लीवरेज और ऋण चुकौती



**सारणी 2: एफडीआई और गैर-एफडीआई कंपनियों की देयताओं की संरचना**

(प्रतिशत)

| पूंजी और देयता | चुनिंदा एफडीआई कंपनियों की देयताओं की संरचना | | | चुनिंदा गैर-एफडीआई कंपनियों की देयताओं की संरचना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
| **ए. शेयरधारकों की निधि** | **44.4** | **43.7** | **43.7** | **43.6** | **43.0** | **43.0** |
| *जिसमें से,* (i) शेयर पूंजी | 5.1 | 4.9 | 4.8 | 4.6 | 4.7 | 5.0 |
| *जिसमें से,* साधारण | 4.7 | 4.6 | 4.3 | 4.1 | 4.2 | 4.5 |
| (ii) आरक्षित निधि और अधिशेष | 39.3 | 38.8 | 38.9 | 38.9 | 38.2 | 37.9 |
| *जिसमें से,* पूंजी आरक्षित निधि | 12.7 | 13.2 | 14.5 | 14.4 | 13.8 | 13.3 |
| **बी. गैर-वर्तमान देयताएं** | **21.4** | **21.5** | **21.0** | **23.1** | **23.3** | **23.5** |
| *जिसमें से,* (i) दीर्घकालिक उधार (ऋण) | 17.5 | 17.6 | 17.7 | 18.6 | 19.0 | 19.3 |
| *जिसमें से,* मियादी ऋण | 12.4 | 11.9 | 10.2 | 13.0 | 13.1 | 13.5 |
| *जिसमें से,* बैंकों से मियादी ऋण | 10.0 | 10.3 | 9.1 | 11.0 | 11.2 | 11.7 |
| **सी. वर्तमान देयताएं** | **34.0** | **34.6** | **35.2** | **33.0** | **33.4** | **33.3** |
| *जिसमें से,* (i) अल्पकालिक उधार | 8.6 | 8.9 | 8.8 | 10.2 | 10.6 | 10.6 |
| *जिसमें से,* मांग पर प्रतिदेय ऋण | 3.4 | 3.0 | 2.5 | 3.1 | 3.1 | 3.0 |
| *जिसमें से,* बैंकों से | 3.3 | 3.0 | 2.4 | 3.1 | 3.0 | 2.9 |
| (ii) व्यापार देय राशि | 12.4 | 12.5 | 12.3 | 10.9 | 11.0 | 11.1 |

विनिर्माण क्षेत्र में, रसायन एवं रासायनिक उत्पाद और मोटर वाहन एवं अन्य परिवहन उपकरण उद्योगों के लीवरेज अनुपात में वृद्धि पाई गई। सेवा क्षेत्र में, थोकमूल्य एवं खुदरा व्यापार उद्योग का लीवरेज अनुपात घटा (विवरण 2)।

6.3 गैर-एफडीआई कंपनियों के मामले में, लीवरेज अनुपात गत वर्ष के 69.1 प्रतिशत से सीमांत रूप से बढ़कर 2013-14 में 69.9 प्रतिशत हो गया। 2013-14 में विनिर्माण क्षेत्र का लीवरेज अनुपात बढ़ा, जबकि सेवा क्षेत्र के मामले में घटा (विवरण 2)।

## 7. देयता संरचना: कुल देयताओं में दीर्घावधि उधार का हिस्सा सीमांत रूप से बढ़ा

7.1 एफडीआई कंपनियों की कुल देयताओं में दीर्घावधि उधार का हिस्सा 2012-13 के 17.6 प्रतिशत से सीमांत रूप से बढ़कर 2013-14 में 17.7 प्रतिशत हो गया। इसके विपरीत, गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में मियादी ऋण का हिस्सा घटा, जो प्रमुख रूप से बैंक से लिए गए उधार के हिस्से का कम होने के कारण था। तथापि, शेयरधारकों की निधि का हिस्सा गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में 43.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा (सारणी 2)।

7.2 एफडीआई कंपनियों की तर्ज पर, 2013-14 में गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल देयताओं में दीर्घावधि उधार का हिस्सा सीमांत रूप से बढ़ा और शेयरधारकों की निधि का हिस्सा गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में अपरिवर्तित रहा। तथापि, एफडीआई कंपनियों के विपरीत, गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल देयताओं में मियादी ऋण का हिस्सा 2013-14 में सीमांत रूप से बढ़ा जो प्रमुख रूप से बैंक से लिए गए उधार के हिस्से में सीमांत वृद्धि के कारण था (सारणी 2)।

7.3 एफडीआई कंपनियों की कुल देयताओं में वर्तमान देयताओं का हिस्सा (अल्पावधि उधार, व्यापार संबंधी देय राशि, आदि सहित) गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में सीमांत रूप से बढ़ा, जबकि गैर-एफडीआई कंपनियों की वर्तमान देयताओं का हिस्सा सीमांत रूप से घटा।

## 8. आस्ति संरचना: कुल आस्तियों में सकल स्थिर आस्तियों का हिस्सा सीमांत रूप से घटा

8.1 सकल स्थिर आस्तियों का हिस्सा, जो एफडीआई कंपनियों की कुल आस्तियों का प्रमुख घटक है, 2012-13 के 59.9 प्रतिशत से सीमांत रूप से घटकर 2013-14 में 59.7 प्रतिशत रह गया। तथापि, कुल आस्तियों में दीर्घावधि निवेश का हिस्सा गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में सीमांत रूप से बढ़ा (सारणी 3)।

**सारणी 3: एफडीआई और गैर-एफडीआई कंपनियों की आस्तियों की संरचना**

(प्रतिशत)

| आस्तियां | चुनिंदा एफडीआई कंपनियों की आस्तियों की संरचना | | | चुनिंदा गैर-एफडीआई कंपनियों की आस्तियों की संरचना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
| **डी. गैर-वर्तमान आस्तियां** | **59.4** | **59.6** | **61.5** | **58.2** | **58.0** | **58.8** |
| *जिसमें से,* (i) सकल स्थिर आस्तियां | 58.7 | 59.9 | 59.7 | 50.6 | 51.3 | 51.4 |
| *जिसमें से,* मूर्त आस्तियां | 46.4 | 48.0 | 46.4 | 39.2 | 40.0 | 40.0 |
| (ii) गैर-वर्तमान निवेश | 11.9 | 12.6 | 12.8 | 15.4 | 14.7 | 15.9 |
| *जिसमें से,* इक्विटी निवेश/शेयर | 9.5 | 10.0 | 11.3 | 12.6 | 11.9 | 11.9 |
| (iii) दीर्घकालिक ऋण एवं अग्रिम | 5.1 | 5.0 | 5.7 | 5.7 | 6.2 | 6.1 |
| **इ. वर्तमान आस्तियां** | **40.6** | **40.4** | **38.5** | **41.8** | **42.0** | **41.2** |
| *जिसमें से,* (i) वर्तमान निवेश | 2.8 | 3.0 | 3.1 | 3.6 | 3.7 | 4.0 |
| (ii) इनवेंटरी | 10.5 | 10.3 | 9.9 | 12.1 | 12.3 | 11.9 |
| (iii) व्यापार प्राप्य राशि | 10.7 | 11.1 | 10.4 | 11.3 | 11.4 | 11.4 |
| (iv) अल्पकालिक ऋण एवं अग्रिम | 6.3 | 5.7 | 5.4 | 6.5 | 6.2 | 6.0 |
| (v) नकदी और नकदी समतुल्य | 8.2 | 7.6 | 7.0 | 5.5 | 5.2 | 4.5 |

8.2 वर्ष 2013-14 में कुल आस्तियों में इनवेंटरी और व्यापार प्राप्य राशियों का हिस्सा सीमांत रूप से घटा। कुल आस्तियों में व्यापार प्राप्य राशियों का हिस्सा 2012-13 के 11.1 प्रतिशत से घटकर 2013-14 में 10.4 प्रतिशत रह गया (सारणी 3)।

8.3 एफडीआई कंपनियों की भांति, गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल आस्तियों में दीर्घावधि निवेश का हिस्सा 2012-13 के 14.7 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 15.9 प्रतिशत हो गया। तथापि, कुल आस्तियों में सकल स्थिर आस्तियों का हिस्सा गत वर्ष की तुलना में 2013-14 में सीमांत रूप से बढ़ा (सारणी 3)।

## 9. निधि के स्रोत: कारोबार के विस्तार में बाह्य स्रोत का आधिक्य जारी रहा और कुल निधि स्रोत में उसका हिस्सा बढ़ा

9.1 वर्ष 2013-14 के दौरान, एफडीआई कंपनियों के कारोबार के विस्तार में निधि के बाह्य स्रोत (अर्थात् आंतरिक रूप से सृजित निधि को छोड़कर) की महत्त्वपूर्ण भूमिका जारी रही। कुल निधि स्रोत में उसका हिस्सा 2012-13 के 54.3 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 66.8 प्रतिशत हो गया, जो प्रमुख रूप से शेयर पूंजी एवं प्रीमियम तथा दीर्घावधि उधार के जरिए उगाही गई निधियों में भारी वृद्धि के कारण था। कुल निधि स्रोत में दीर्घावधि उधार का हिस्सा 2012-13 के 13.0 प्रतिशत से बढ़कर 2013-14 में 15.8 प्रतिशत हो गया (सारणी 4)।

9.2 कुल निधि स्रोत में आंतरिक निधि स्रोत का हिस्सा 2012-13 के 45.7 प्रतिशत से काफी घटकर 2013-14 में 33.2 प्रतिशत रह गया (सारणी 4)।

9.3 गैर-एफडीआई कंपनियों के मामले में भी, वर्ष 2013-14 में कारोबार के विस्तार में बाह्य निधि स्रोत का आधिक्य जारी रहा। तथापि, गैर-एफडीआई कंपनियों के कुल निधि स्रोत में बाह्य निधि स्रोत का हिस्सा 2012-13 के 58.0 प्रतिशत से घटकर 2013-14 में 52.8 प्रतिशत रह गया, जो प्रमुख रूप से अल्पावधि उधार के जरिए उगाही गई निधियों में भारी गिरावट के कारण था। कुल निधि स्रोत में आंतरिक निधि स्रोत का हिस्सा 2012-13 के 42.0 प्रतिशत से पर्याप्त रूप से बढ़कर 2013-14 में 47.2 प्रतिशत हो गया (सारणी 4)।

## 10. निधि का उपयोग: कुल निधि उपयोग में सकल स्थिर आस्ति निर्माण एवं दीर्घावधि निवेश का हिस्सा घटा

10.1 एफडीआई कंपनियों के कुल निधि उपयोग में सकल स्थिर आस्ति निर्माण और दीर्घावधि निवेश का संपूर्ण हिस्सा 2012-13 के 52.4 प्रतिशत एवं 14.3 प्रतिशत की तुलना में 2013-14 में घटकर क्रमशः 49.7 प्रतिशत एवं 12.2 प्रतिशत रह गया। पूंजी निर्माण के एक बड़े हिस्से को चालू कार्य के साथ-साथ अमूर्त आस्तियों के रूप में सूचित किया गया था। इसी प्रकार, 2013-14 में गैर-वर्तमान निवेश में इक्विटी लिखतों का हिस्सा पर्याप्त रूप से बढ़ा। साथ ही, 2013-14 में कुल निधि उपयोग में दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिमों का हिस्सा भी बढ़ा (सारणी 4)।

**सारणी 4: प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वाली एवं प्रत्यक्ष गैर-विदेशी निवेश वाली चुनिंदा कंपनियों की निधियों के स्रोतों और उपयोग की संरचना**

(प्रतिशत)

| निधियों के स्रोत | चुनिंदा एफडीआई कंपनियों के निधियों के स्रोत की संरचना | | चुनिंदा गैर एफडीआई कंपनियों के निधियों के स्रोत की संरचना | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 |
| **आंतरिक स्रोत** | **45.7** | **33.2** | **42.0** | **47.2** |
| *जिनमें से*, (i) रिजर्व और अधिशेष | 12.7 | 16.1 | 21.1 | 23.9 |
| (ii) प्रावधान | 32.5 | 16.9 | 20.2 | 21.7 |
| **बाह्य स्रोत** | **54.3** | **66.8** | **58.0** | **52.8** |
| *जिनमें से*, (i) शेयर पूंजी और प्रीमियम | 13.3 | 21.3 | 8.8 | 10.0 |
| (ii) दीर्घावधि उधारियां | 13.0 | 15.8 | 18.2 | 19.0 |
| (iii) अल्पावधि उधारियां | 9.2 | 6.4 | 11.8 | 7.9 |
| (iv) व्यापार देय | 9.8 | 9.4 | 9.7 | 9.9 |

| निधियों का उपयोग | चुनिंदा एफडीआई कंपनियों के निधियों के उपयोग की संरचना | | चुनिंदा गैर एफडीआई कंपनियों के निधियों के उपयोग की संरचना | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 |
| **गैर चालू आस्तियां** | **72.6** | **78.1** | **64.1** | **74.1** |
| *जिनमें से*, | | | | |
| (i) सकल अचल आस्तियां | 52.4 | 49.7 | 47.4 | 42.2 |
| *जिनमें से*, (ए) मूर्त आस्तियां | 47.3 | 29.8 | 38.6 | 33.2 |
| (बी) चालू कार्य पूंजी | 0.4 | 12.6 | 5.9 | 2.4 |
| (सी) अमूर्त आस्तियां | 4.7 | 7.4 | 2.9 | 6.6 |
| (ii) गैर चालू निवेश | 14.3 | 12.2 | 6.1 | 24.4 |
| *जिनमें से*, | | | | |
| इक्विटी लिखत/शेयर | 10.5 | 17.6 | 4.1 | 10.3 |
| (iii) दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम | 2.6 | 9.3 | 8.7 | 3.8 |
| **चालू आस्तियां** | **27.4** | **21.9** | **35.9** | **25.9** |
| *जिनमें से*, | | | | |
| (i) इनवेन्ट्री | 6.5 | 6.0 | 11.5 | 5.9 |
| (ii) व्यापार प्राप्तियां | 11.1 | 4.7 | 9.9 | 9.0 |

10.2 2013-14 में निधियों के कुल उपयोग में 'इन्वेंट्री' का हिस्सा पिछले वर्ष की तुलना में कम रहा था। इसके साथ-साथ, 2013-14 में निधियों के कुल उपयोग में 'व्यापार प्राप्तियों' के रूप में निधियों का हिस्सा 2012-13 में दर्ज 11.1 प्रतिशत की तुलना में काफी घटकर 4.7 प्रतिशत रह गया। (सारणी 4)।

10.3 एफडीआई कंपनियों की भांति, 2013-14 में गैर एफडीआई कंपनियों की निधियों के कुल उपयोग में सकल अचल आस्तियों का हिस्सा पिछले वर्ष की तुलना में कम रहा। तथापि, 2013-14 में निधियों के कुल उपयोग में दीर्घावधि निवेश का हिस्सा 2012-13 के 6.1 प्रतिशत से काफी बढ़कर 24.4 प्रतिशत हो गया (सारणी 4)।

## 11. समापन

11.1 2013-14 में एफडीआई कपंनियों की बिक्री में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में धीमी रही। तथापि, परिचालनगत लाभ और निवल लाभ में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही, इसका मुख्य कारण विनिर्माण और ब्याज व्यय में कमी का होना था, इसमें आयात में कमी और निर्यात में बढ़ोतरी होने से भी मदद मिली थी।

तथापि, रॉयल्टी भुगतान, विशेष रूप से, सेवा क्षेत्र की कंपनियों के रॉयल्टी भुगतान में काफी वृद्धि हुई थी।

11.2 एफडीआई कपंनियों की ईबीआईटीडीए मार्जिन में वृद्धि हुई, जबकि 2013-14 में इक्विटी पर प्रतिलाभ में गिरावट दर्ज की गई।

11.3 2013-14 में एफडीआई कंपनियों के लिए विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों के कार्यनिष्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई।

11.4 वर्ष के दौरान एफडीआई कपंनियों की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में बढ़ोतरी दर्ज की गई । 2013-14 में लिवरेज अनुपात पिछले वर्ष की तुलना में समान बना रहा।

11.5 चुनिंदा एफडीआई कपंनियां अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए मुख्यतः निधियों के बाह्य स्त्रोतों पर निर्भर रहीं और इन निधियों का उपयोग मुख्यतः आस्ति निर्माण - चालू कार्य पूंजी और अमूर्त आस्तियों तथा इक्विटी शेयर में दीर्घावधि निवेश के लिए किया गया।

## विवरण 1 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंडों की वृद्धि दर *(जारी...)*

(प्रतिशत)

| | बिक्री में वृद्धि | | परिचालनगत व्यय में वृद्धि | | ईबीआईटीडीए में वृद्धि | | निवल मालियत में वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 |
| **एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **14.0** | **10.2** | **13.8** | **9.8** | **10.4** | **12.1** | **7.9** | **14.1** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 11.8 | 10.0 | 11.2 | 9.0 | 12.8 | 14.7 | 2.3 | 7.8 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 12.4 | 7.3 | 12.2 | 6.0 | 7.4 | 9.7 | 8.7 | 12.7 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 16.4 | 11.7 | 12.2 | 6.0 | 10.4 | 11.1 | 14.1 | 22.2 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | | | |
| फ्रांस | 17.0 | 10.0 | 15.7 | 13.9 | 4.8 | -0.8 | 37.8 | 2.9 |
| जर्मनी | 8.4 | *-1.8* | 10.4 | -0.5 | -12.7 | -11.9 | 10.1 | 9.1 |
| जापान | 16.7 | *14.1* | 15.8 | 11.6 | 23.5 | 34.6 | 12.9 | 15.1 |
| मारीशस | 18.8 | *20.1* | 20.3 | 18.0 | 4.9 | 31.1 | 7.4 | 27.2 |
| नीदरलैंड | 13.2 | *8.4* | 13.1 | 8.3 | 6.7 | 13.6 | 18.8 | 4.4 |
| सिंगापुर | 7.4 | *-1.8* | 7.5 | 0.6 | 10.1 | -28.0 | 21.8 | 2.7 |
| स्विटजरलैंड | 11.3 | *9.3* | 11.2 | 10.3 | 17.2 | -11.2 | 11.4 | 11.0 |
| यूएई | 14.6 | *5.3* | 11.2 | 12.8 | 67.5 | -100.1 | -6.0 | -76.6 |
| यूके | 10.5 | *5.0* | 9.6 | 4.0 | 10.7 | 10.3 | 9.1 | 16.4 |
| यूएसए | 16.7 | *12.1* | 17.9 | 13.0 | 13.0 | 8.6 | 16.3 | 11.8 |
| अन्य | 8.7 | *-1.7* | 5.7 | -0.6 | 12.9 | -6.7 | -4.2 | -1.0 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **14.3** | **5.3** | **13.8** | **4.6** | **10.1** | **9.2** | **11.6** | **8.0** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 8.0 | 3.4 | 6.2 | 2.0 | 16.2 | 12.1 | 18.8 | 14.9 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 11.6 | 11.1 | 11.4 | 10.9 | 5.2 | 18.6 | 12.7 | 10.1 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 8.0 | 13.2 | 11.8 | 12.2 | -6.8 | 10.6 | 15.7 | 9.6 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 11.3 | 1.0 | 10.5 | 0.5 | 8.8 | 11.4 | 15.9 | 11.0 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 4.3 | -0.4 | 2.0 | 0.5 | 3.6 | -8.4 | 9.7 | 4.8 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 10.8 | -3.5 | 13.1 | -3.8 | -5.3 | -6.7 | 8.9 | 5.9 |
| **सेवाएं** | **15.4** | **14.1** | **14.7** | **15.0** | **18.3** | **11.1** | **5.6** | **13.3** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 17.9 | 25.9 | 16.7 | 28.4 | 71.2 | 19.2 | 6.0 | 20.1 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 17.7 | 19.6 | 18.6 | 18.8 | 14.0 | 21.6 | 17.7 | 17.3 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 23.5 | 9.5 | 19.3 | 19.7 | 78.8 | -78.0 | 7.0 | -27.5 |
| **खनन और उत्खनन** | **-34.2** | **342.6** | **-23.5** | **#** | **-51.7** | **104.5** | **-0.4** | **111.5** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **43.0** | **61.6** | **65.8** | **34.0** | **200.3** | **-8.6** | **27.7** | **7.5** |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **8.7** | **6.2** | **9.0** | **6.1** | **5.0** | **2.9** | **9.2** | **8.6** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **8.1** | **5.1** | **8.8** | **5.0** | **2.1** | **1.1** | **9.2** | **7.9** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 16.0 | 6.2 | 15.7 | 9.8 | 14.0 | -28.4 | 12.1 | -5.7 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 6.9 | 8.3 | 7.2 | 8.6 | -1.2 | -0.1 | 10.2 | 7.9 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 10.7 | -2.6 | 7.9 | -1.5 | 37.4 | -15.5 | 8.0 | 8.4 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | -7.1 | 6.3 | -7.1 | 5.5 | -11.7 | 14.6 | 6.5 | 10.9 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 10.3 | 2.5 | 9.6 | 2.6 | 4.9 | 5.9 | 11.9 | 10.9 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | -2.7 | 10.4 | 1.9 | 7.2 | -34.9 | 22.1 | -3.5 | 6.2 |
| **सेवाएं** | **16.0** | **16.8** | **13.8** | **17.8** | **18.4** | **15.1** | **8.6** | **13.6** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 20.1 | 18.7 | 16.3 | 24.6 | 32.6 | -97.6 | 14.6 | -3.6 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 15.3 | 28.8 | 13.5 | 25.1 | 22.2 | 40.4 | 14.5 | 37.6 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 13.9 | -11.7 | 16.0 | -12.9 | 0.1 | -4.4 | -6.0 | -0.2 |
| **खनन और उत्खनन** | **6.9** | **-30.4** | **8.1** | **-26.0** | **1.1** | **-49.2** | **9.1** | **-1.5** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **17.9** | **3.0** | **16.2** | **2.2** | **22.8** | **8.9** | **8.6** | **6.6** |

# : अंश अथवा हर ऋणात्मक अथवा शून्य अथवा नगण्य हैं।
- : शून्य अथवा नगण्य

## विवरण 1 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंडों की वृद्धि दर *(जारी...)*

(प्रतिशत)

| | कुल उधारियों में वृद्धि | | कुल निवल आस्तियों में वृद्धि | | निर्यात में वृद्धि | | आयात में वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 | 2012-13 | 2013-14 |
| **एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **11.2** | **14.3** | **11.3** | **13.8** | **15.3** | **22.0** | **16.2** | **10.2** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 8.9 | 8.0 | 5.9 | 9.0 | 18.7 | 11.0 | 0.6 | 0.8 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 7.3 | 6.7 | 10.4 | 9.4 | 23.5 | -8.6 | 6.6 | -1.0 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 20.6 | 34.2 | 13.7 | 25.2 | 10.1 | 42.1 | 27.8 | 17.1 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | | | |
| फ्रांस | 10.7 | -0.4 | 16.5 | 5.7 | 222.1 | 10.8 | 71.4 | 21.1 |
| जर्मनी | 22.8 | *11.4* | 10.0 | 6.6 | 5.2 | 28.5 | 7.2 | 1.1 |
| जापान | 25.8 | *34.3* | 12.0 | 18.4 | 26.2 | 8.4 | 3.1 | 14.1 |
| मारीशस | 11.1 | *20.4* | 11.0 | 25.0 | 27.7 | 42.4 | 30.3 | 18.8 |
| नीदरलैंड | 7.6 | *22.3* | 15.1 | 8.5 | -7.8 | -25.2 | 0.2 | 5.8 |
| सिंगापुर | 37.3 | *13.2* | 13.4 | 4.3 | -29.3 | 41.9 | 7.1 | -18.8 |
| स्विटजरलैंड | 56.9 | *9.3* | 11.4 | 9.5 | -17.3 | 56.4 | -6.4 | 4.4 |
| यूएई | -10.9 | *16.1* | 5.5 | 1.8 | 16.6 | -16.4 | 25.6 | 11.9 |
| यूके | 25.7 | *3.2* | 11.3 | 11.9 | 21.0 | 12.3 | 9.2 | -4.3 |
| यूएसए | 3.8 | *7.1* | 15.2 | 15.2 | 10.9 | 11.7 | 14.5 | 2.4 |
| अन्य | 6.0 | *-2.2* | 2.0 | 1.8 | 5.6 | 0.5 | -6.8 | -6.3 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **16.8** | **9.6** | **11.1** | **7.9** | **24.0** | **10.4** | **15.7** | **1.0** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 13.6 | -26.5 | 12.9 | 3.1 | 33.8 | 0.1 | 10.7 | -14.9 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 5.1 | 14.0 | 12.0 | 11.6 | -7.7 | 36.3 | 8.1 | 7.2 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 5.3 | 4.2 | 8.1 | 6.5 | 4.7 | 28.4 | -6.2 | 21.4 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 14.8 | 15.4 | 13.0 | 9.7 | 7.3 | 6.5 | 12.0 | -9.4 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 16.0 | 5.5 | 9.6 | 3.6 | 24.7 | 10.9 | 7.1 | 0.8 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 23.2 | 2.7 | 8.8 | 3.2 | 10.9 | 1.5 | 8.2 | -0.1 |
| **सेवाएं** | **7.7** | **2.7** | **8.7** | **12.0** | **-33.7** | **50.5** | **32.0** | **-8.5** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 93.4 | 3.9 | 23.9 | 16.0 | -50.4 | 80.0 | 42.9 | 3.4 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 30.1 | 24.4 | 18.0 | 21.5 | 29.2 | 16.2 | -2.8 | 1.0 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | -11.8 | 7.2 | 4.7 | 7.6 | -32.2 | 56.0 | -15.5 | -21.7 |
| **खनन और उत्खनन** | **6.5** | **301.5** | **0.6** | **210.6** | **-76.2** | **#** | **-31.9** | **#** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **-8.9** | **18.3** | **2.0** | **11.6** | **#** | **86.4** | **38.9** | **-3.8** |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4578* | *4578* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **13.7** | **9.8** | **10.6** | **8.9** | **12.9** | **11.2** | **7.9** | **-1.0** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **13.1** | **8.9** | **10.4** | **7.8** | **12.6** | **11.6** | **8.2** | **0.3** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 2.4 | 10.9 | 10.0 | 4.7 | 38.6 | -3.4 | 31.1 | 3.1 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 16.5 | -6.3 | 11.6 | 5.2 | 7.3 | 11.4 | -3.0 | 6.2 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 8.9 | 17.2 | 7.4 | 7.0 | 18.7 | -2.6 | 44.3 | 4.7 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 14.7 | -0.1 | 6.3 | 8.5 | 17.1 | 7.8 | -17.8 | -27.6 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 9.9 | 11.8 | 8.5 | 9.9 | 11.1 | 6.2 | -15.9 | 4.7 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 16.6 | 10.5 | 4.0 | 9.3 | 23.6 | 2.6 | -12.7 | 7.0 |
| **सेवाएं** | **15.3** | **10.0** | **11.1** | **13.4** | **24.1** | **3.0** | **28.9** | **-5.0** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 44.8 | 6.4 | 29.4 | 5.5 | 20.0 | 9.8 | 57.0 | -2.6 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 2.8 | 14.6 | 12.3 | 31.9 | -12.3 | -8.5 | -15.7 | -9.4 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 16.0 | 9.1 | -1.0 | 2.9 | # | -79.9 | -6.4 | -51.4 |
| **खनन और उत्खनन** | **12.9** | **30.3** | **10.6** | **10.1** | **-38.5** | **1.0** | **28.4** | **-38.6** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **17.9** | **14.0** | **12.3** | **9.2** | **-15.5** | **-13.3** | **-13.2** | **-19.8** |

# : अंश अथवा हर ऋणात्मक अथवा शून्य अथवा नगण्य हैं।

- : शून्य अथवा नगण्य

**विवरण 1 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंड़ों की वृद्धि दर** *(समाप्त)*

(प्रतिशत)

| | आर एंड डी व्यय में वृद्धि | | रॉयल्टी भुगतान में वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|
| | **2012-13** | **2013-14** | **2012-13** | **2013-14** |
| **एफडीआई कंपनियां** | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *957* | *957* | *957* | *957* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **3.2** | **-0.2** | **8.9** | **35.9** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 16.8 | 35.3 | 3.3 | 127.6 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 3.9 | 24.2 | 3.7 | 11.6 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | -0.1 | -12.6 | 17.5 | 2.2 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | |
| फ्रांस | 33.8 | -27.3 | 57.8 | -37.4 |
| जर्मनी | 7.3 | *221.0* | 15.9 | -1.8 |
| जापान | 36.1 | *33.5* | 29.9 | 4.8 |
| मारीशस | 12.1 | *39.4* | 1.3 | 11.5 |
| नीदरलैंड | 24.0 | *-75.7* | 38.0 | 9.7 |
| सिंगापुर | 33.6 | *6.2* | 45.4 | -11.8 |
| स्विटजरलैंड | 0.8 | *-2.6* | 7.5 | 28.8 |
| यूएई | -49.8 | *12.1* | -1.1 | -1.5 |
| यूके | -31.7 | *-8.2* | 10.6 | 0.8 |
| यूएसए | 29.2 | *13.4* | 21.6 | 6.2 |
| अन्य | -7.5 | *-15.1* | 0.5 | 280.0 |
| **उद्योग-वार** | | | | |
| **विनिर्माण** | **1.1** | **3.0** | **22.0** | **11.3** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 36.2 | -1.6 | 15.8 | 19.0 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | -35.5 | -14.3 | 25.2 | 23.3 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 4.5 | 74.5 | 8.8 | 33.6 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | -23.5 | 48.8 | 24.2 | 6.6 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 373.6 | 43.3 | 19.5 | 6.4 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | -3.2 | 8.2 | 17.2 | 4.1 |
| **सेवाएं** | **51.7** | **-44.2** | **4.7** | **55.3** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | -76.2 | 95.7 | -5.8 | # |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 210.1 | -9.7 | 24.9 | -100.0 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 25.2 | -19.3 | -20.0 | -93.3 |
| **खनन और उत्खनन** | **-44.3** | **-78.5** | **-69.4** | **-50.1** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **#** | **31.4** | **21.2** | **-6.8** |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **11.4** | **20.0** | **15.5** | **4.3** |
| **उद्योग-वार** | | | | |
| **विनिर्माण** | **11.5** | **21.3** | **12.8** | **3.9** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | -47.5 | 77.8 | 20.6 | 49.6 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 28.4 | -11.6 | 11.2 | 15.7 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 10.4 | 22.8 | 13.0 | 52.0 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 0.3 | 90.7 | 49.3 | -23.5 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 11.8 | 13.5 | -2.1 | 11.3 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 15.8 | -17.9 | -69.7 | -1.6 |
| **सेवाएं** | **3.1** | **6.7** | **16.2** | **13.0** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 9.4 | 61.4 | 10.5 | -18.1 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 25.8 | 32.1 | -52.6 | 10.4 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | - | - | 41.4 | -76.9 |
| **खनन और उत्खनन** | **129.6** | **219** | **61.0** | **-23.5** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **12.9** | **-13.5** | **#** | **#** |

# : अंश अथवा हर ऋणात्मक अथवा शून्य अथवा नगण्य हैं।

- : शून्य अथवा नगण्य

## विवरण 2 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंडों की वृद्धि दर *(जारी...)*

(प्रतिशत)

| एफडीआई कंपनियां | बिक्री की तुलना में ईबीआईटीडीए | | | इक्विटी पर प्रतिलाभ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **13.9** | **13.4** | **13.6** | **10.7** | **10.6** | **10.1** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 15.0 | 15.1 | 15.8 | 8.6 | 9.4 | 8.8 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 20.0 | 19.1 | 19.5 | 12.6 | 11.3 | 10.3 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 10.3 | 9.7 | 9.7 | 11.8 | 11.3 | 11.3 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | |
| फ्रांस | 15.3 | 13.7 | 12.3 | 9.5 | 21.9 | 6.0 |
| जर्मनी | 12.1 | *9.8* | *8.7* | 16.5 | *10.8* | 8.5 |
| जापान | 10.8 | *11.5* | *13.5* | 7.2 | *7.2* | 7.5 |
| मारीशस | 15.5 | *13.7* | *14.9* | 8.0 | *5.9* | 8.4 |
| नीदरलैंड | 9.9 | *9.3* | *9.8* | 10.7 | *8.3* | 6.5 |
| सिंगापुर | 7.7 | *7.9* | *5.8* | 4.4 | *11.6* | 2.9 |
| स्विटजरलैंड | 14.9 | *15.6* | *12.7* | 19.7 | *17.8* | 16.5 |
| यूएई | 5.3 | *7.7* | - | -19.3 | *-10.8* | # |
| यूके | 18.8 | *18.8* | *19.8* | 28.2 | *29.1* | 28.5 |
| यूएसए | 21.4 | *20.7* | *20.0* | 23.2 | *22.2* | 21.4 |
| अन्य | 9.9 | *10.3* | *9.8* | 1.3 | *1.9* | 1.7 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **11.1** | **10.7** | **11.1** | **14.4** | **14.1** | **12.5** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 7.8 | 8.4 | 9.2 | 21.3 | 19.6 | 19.1 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 12.5 | 11.8 | 12.6 | 24.5 | 33.1 | 25.5 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 13.0 | 11.2 | 11.0 | 13.2 | 4.9 | 4.7 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 9.0 | 8.8 | 9.7 | 14.2 | 11.8 | 12.0 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 10.9 | 10.8 | 9.9 | 14.5 | 13.2 | 9.4 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 9.3 | 7.9 | 7.7 | 13.3 | 10.4 | 9.6 |
| **सेवाएं** | **20.4** | **20.9** | **20.3** | **7.8** | **9.4** | **9.7** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 2.9 | 4.2 | 3.9 | 0.7 | 5.5 | 7.2 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 29.0 | 28.1 | 28.5 | 22.9 | 21.5 | 21.9 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 7.3 | 10.6 | 2.1 | -7.5 | 13.0 | -50.1 |
| **खनन और उत्खनन** | **32.3** | **23.7** | **11.0** | **10.2** | **0.2** | **3.7** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **28.0** | **16.6** | **30.8** | **-0.5** | **-14.5** | **5.1** |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **12.9** | **12.5** | **12.1** | **10.1** | **9.0** | **7.9** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **11.9** | **11.3** | **10.8** | **11.2** | **9.9** | **8.4** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 8.5 | 8.4 | 5.6 | 8.2 | 7.7 | -8.8 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 12.8 | 11.8 | 10.9 | 15.9 | 13.1 | 11.4 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 9.4 | 11.6 | 12.5 | 8.4 | 10.7 | 10.0 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 11.2 | 9.7 | 9.2 | 16.6 | 12.3 | 10.7 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 10.6 | 10.1 | 10.4 | 17.0 | 15.6 | 16.0 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 9.2 | 6.1 | 6.8 | 8.6 | -3.2 | 3.1 |
| **सेवाएं** | **16.1** | **16.4** | **16.2** | **9.5** | **9.3** | **10.0** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 3.8 | 4.2 | 0.1 | 2.2 | 2.6 | -3.7 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 22.3 | 23.6 | 25.7 | 21.7 | 20.6 | 22.6 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 23.7 | 20.8 | 22.5 | 5.6 | 3.3 | 1.3 |
| **खनन और उत्खनन** | **21.8** | **20.6** | **15.1** | **9.1** | **8.0** | **-0.3** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **19.2** | **20.0** | **21.1** | **5.4** | **5.5** | **4.2** |

# : अंश अथवा हर ऋणात्मक अथवा शून्य अथवा नगण्य हैं।

- : शून्य अथवा नगण्य

**विवरण 2 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंड़ों की वृद्धि दर** (समाप्त)

(प्रतिशत)

| एफडीआई कंपनियां | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | इक्विटी की तुलना में कुल उधार | | | बिक्री की निर्यात मात्रा | | |
| | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* | *957* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **58.9** | **60.9** | **60.9** | **12.2** | **12.3** | **13.6** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 78.4 | 83.9 | 83.5 | 10.3 | 10.9 | 11.0 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 51.1 | 50.5 | 47.8 | 12.0 | 13.2 | 11.2 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 42.0 | 44.5 | 48.9 | 13.7 | 13.0 | 16.5 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | |
| फ्रांस | 26.0 | 20.9 | 20.2 | 6.0 | 16.4 | 16.5 |
| जर्मनी | 17.8 | *19.8* | *20.3* | 8.3 | *8.1* | 10.5 |
| जापान | 58.9 | *65.7* | *76.6* | 10.7 | *11.6* | 11.0 |
| मारीशस | 76.6 | *79.4* | *75.2* | 14.9 | *16.1* | 19.0 |
| नीदरलैंड | 62.6 | *56.6* | *66.4* | 8.1 | *6.6* | 4.5 |
| सिंगापुर | 51.3 | *57.8* | *63.7* | 13.8 | *9.1* | 13.1 |
| स्विटजरलैंड | 14.6 | *20.5* | *20.2* | 10.1 | *7.5* | 10.7 |
| यूएई | 397.4 | *#* | *#* | 26.6 | *27.0* | 21.4 |
| यूके | 17.7 | *20.4* | *18.1* | 6.4 | *7.0* | 7.5 |
| यूएसए | 14.1 | *12.6* | *12.0* | 6.8 | *6.5* | 6.4 |
| अन्य | 77.4 | *85.8* | *84.3* | 14.6 | *14.2* | 14.5 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **56.9** | **59.6** | **60.5** | **15.1** | **16.4** | **17.1** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 110.3 | 105.5 | 67.5 | 11.0 | 13.6 | 13.2 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 43.4 | 40.5 | 41.9 | 6.6 | 5.4 | 6.7 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 97.9 | 89.1 | 84.6 | 21.2 | 20.5 | 23.3 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 25.4 | 25.1 | 26.2 | 6.8 | 6.6 | 6.9 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 18.2 | 19.2 | 18.8 | 12.5 | 15.0 | 16.7 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 22.8 | 25.8 | 25.1 | 13.2 | 13.2 | 13.9 |
| **सेवाएं** | **53.3** | **54.8** | **49.5** | **3.6** | **2.1** | **2.7** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 63.5 | 111.8 | 100.9 | 25.1 | 10.6 | 15.1 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 4.5 | 5.0 | 5.3 | 0.8 | 0.9 | 0.9 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 218.5 | 206.9 | 281.4 | 0.3 | 0.2 | 0.2 |
| **खनन और उत्खनन** | **47.0** | **50.2** | **95.4** | **44.7** | **16.1** | **38.0** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **212.4** | **227.8** | **162.4** | **-** | **-** | **-** |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* | *4,578* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **66.3** | **69.1** | **69.9** | **18.6** | **19.3** | **20.2** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **67.3** | **69.8** | **70.4** | **23.5** | **24.5** | **26.0** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 113.0 | 103.0 | 121.6 | 7.7 | 9.3 | 8.4 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 70.8 | 74.9 | 65.0 | 13.5 | 13.5 | 13.9 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 86.4 | 87.1 | 78.6 | 14.4 | 15.4 | 15.6 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 60.6 | 65.5 | 70.5 | 9.3 | 9.3 | 11.8 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 33.4 | 33.0 | 33.0 | 7.9 | 7.9 | 8.2 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 62.3 | 75.3 | 78.5 | 4.6 | 5.8 | 5.4 |
| **सेवाएं** | **48.4** | **51.4** | **49.6** | **5.8** | **6.2** | **5.5** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 63.4 | 80.2 | 86.8 | 16.0 | 16.0 | 14.8 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 31.2 | 27.7 | 23.3 | 1.9 | 1.5 | 1.0 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 71.6 | 90.2 | 96.1 | 0.4 | 3.8 | 0.9 |
| **खनन और उत्खनन** | **57.4** | **59.4** | **78.5** | **19.7** | **11.3** | **16.4** |
| **विद्युत गैस भाप और एसी आपूर्ति** | **81.7** | **88.4** | **94.8** | **0.1** | **-** | **-** |

# : अंश अथवा हर ऋणात्मक अथवा शून्य अथवा नगण्य हैं।
- : शून्य अथवा नगण्य